आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
गुरुवार 12.03.2026 समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- उत्तराखंड विधानसभा के बजट सत्र में आज स्वास्थ्य, शिक्षा और खाद्य सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई।
- व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडर की कमी की अफवाहों का मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने खंडन किया; कहा– उत्तराखंड में स्थिति सामान्य।
- राज्य में खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। सरकार अब हर महीने एक सप्ताह का विशेष अभियान चलाकर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच करेगी।
- रुद्रपुर में सहायक सम्भागीय परिवहन कार्यालय की ओर से सड़क दुर्घटनाओं के वैज्ञानिक विश्लेषण पर प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

........

**विधानसभा बजट**

उत्तराखंड विधानसभा के बजट सत्र में आज स्वास्थ्य, शिक्षा और खाद्य सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई। सदन में गोल्डन कार्ड योजना के तहत मरीजों को मिल रही सुविधाओं, हर्रावाला कैंसर अस्पताल की प्रगति, खाद्य मिलावट पर कार्रवाई और शिक्षा व्यवस्था से जुड़े कई महत्वपूर्ण सवालों के जवाब दिए गए।

**स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत ने सदन में बताया कि गोल्डन कार्ड योजना के तहत बड़ी संख्या में मरीजों को उपचार की सुविधा मिल रही है। वर्ष 2024–25 में 11 हजार 823 मरीजों का इलाज कराया गया, जबकि चालू वित्तीय वर्ष में अब तक 50 हजार से अधिक मरीज इस योजना से लाभान्वित हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि राज्य में सरकारी और निजी मिलाकर 310 से अधिक अस्पतालों में इस योजना के तहत उपचार की सुविधा उपलब्ध है। स्वास्थ्य प्राधिकरण ने 31 अगस्त 2025 तक चिकित्सा दावों के सापेक्ष 301 करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान किया है। स्वास्थ्य मंत्री ने यह भी बताया कि देहरादून के हर्रावाला में बन रहे राजकीय मैटरनिटी और कैंसर चिकित्सालय का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है। अस्पताल भवन की गुणवत्ता जांच और हस्तांतरण के लिए समिति गठित की गई है और रिपोर्ट मिलने के बाद अस्पताल का औपचारिक हस्तांतरण किया जाएगा।**

**खाद्य मिलावट के मामलों पर जानकारी देते हुए डॉ. रावत ने बताया कि वर्ष 2025 तक राज्य में 3 हजार 311 खाद्य नमूनों की जांच की गई, जिनमें से 330 नमूने मानकों के अनुरूप नहीं पाए**

**गए और संबंधित मामलों में कार्रवाई की गई है। देहरादून में खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला का निर्माण कार्य भी जारी है, जिसे मार्च 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।**

**शिक्षा से जुड़े मुद्दों पर चर्चा के दौरान बताया गया कि प्रदेश में 110 संस्कृत विद्यालय संचालित हैं, जिनमें से 37 में कंप्यूटर शिक्षा की सुविधा उपलब्ध है। इसके अलावा पिछले चार वर्षों में छात्रवृत्ति योजनाओं के माध्यम से 21 हजार 743 छात्र–छात्राओं को लगभग 17 करोड़ 67 लाख रुपये की सहायता दी गई है।**

**स्पश्टता**

प्रदेश में व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडर की कमी को लेकर फैल रही खबरों के बीच मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि उत्तराखंड में ऐसी कोई समस्या नहीं है और सरकार स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है।

गैरसैंण में पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि गैस सिलेंडर की कमी को लेकर फैल रही अफवाहों पर सख्ती से कार्रवाई की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी जैसी गतिविधियों पर भी कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

**कार्रवाई**

राज्य में खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वालों के खिलाफ कार्रवाई को और सख्त किया जाएगा। सरकार ने तय किया है कि अब हर महीने एक सप्ताह का विशेष अभियान चलाकर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच की जाएगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जनस्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।

विधानसभा के बजट सत्र के दौरान स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत ने बताया कि खाद्य पदार्थों की जांच की प्रक्रिया को और तेज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हाट–बाजार और मेलों में बिकने वाले खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की विशेष रूप से जांच की जाएगी।

**वित्तीय स्वीकृति**

उत्तराखंड सरकार ने हल्द्वानी के गोलापार क्षेत्र में प्रस्तावित खेल विश्वविद्यालय और उससे जुड़ी खेल अवसंरचना परियोजना के लिए 8 करोड़ 57 लाख से अधिक की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है।

खेल मंत्री ने बताया कि नुकसान हुए पेड़ों की भरपाई के लिए वृक्षारोपण और उससे जुड़ी औपचारिकताओं को पूरा करने के लिए राज्य सरकार ने यह धनराशि स्वीकृत की है। जिसका उपयोग वित्तीय वर्ष 2025–26 में परियोजना से जुड़े सर्वेक्षण, तकनीकी परीक्षण, परामर्श और अन्य प्रक्रियात्मक कार्यों के साथ–साथ प्रतिपूरक वृक्षारोपण किया जाएगा।

## निरीक्षण

उधमसिंह नगर जिले के गदरपुर विकासखंड में आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के तहत किए जा रहे कार्यों का भारत सरकार की टीम ने निरीक्षण किया।

इस दौरान केंद्रीय कोयला मंत्रालय के निदेशक दीपक गोयल और रक्षा मंत्रालय के डिप्टी सेक्रेटरी संजय कुमार की टीम ने विभिन्न योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया।

टीम ने योजनाओं के क्रियान्वयन की सराहना करते हुए कहा कि आकांक्षी ब्लॉक में लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। अधिकारियों ने लाभार्थियों से बातचीत कर योजनाओं से मिलने वाले लाभ की जानकारी भी ली।

## कार्याशाला

ऊधमसिंह नगर जिले के रुद्रपुर में सहायक सम्भागीय परिवहन कार्यालय की ओर से सड़क दुर्घटनाओं के वैज्ञानिक विश्लेषण पर प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। शहर के एक निजी होटल में आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के प्रतिभागियों को दुर्घटना विश्लेषण की आधुनिक तकनीकों, डिजिटल उपकरणों के उपयोग और त्वरित रिपोर्टिंग प्रणाली के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। इसका उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं के कारणों की पहचान कर प्रभावी सुधारात्मक कदम उठाना और सड़क सुरक्षा के लिए विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना है।

जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने कहा कि एआई तकनीक का उपयोग कर सड़क दुर्घटनाओं का वैज्ञानिक विश्लेषण किया जा सकता है, जिससे दुर्घटनाओं की प्रभावी रोकथाम संभव होगी। उन्होंने प्रतिभागियों से प्रशिक्षण के दौरान अधिक से अधिक जानकारी प्राप्त करने पर जोर दिया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति ने कहा कि सड़क दुर्घटनाएं एक बड़ी चुनौती हैं। उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मी इस प्रशिक्षण से प्राप्त जानकारी का उपयोग अपने दैनिक कार्यों में कर दुर्घटनाओं की रोकथाम में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकेंगे।

## मौसम

प्रदेश में आने वाले दिनों में मौसम का मिजाज बदलने की संभावना है। मौसम विभाग ने कई पर्वतीय जिलों में बारिश, गरज–चमक और ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी का पूर्वानुमान जताया है।

मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून के अनुसार कल उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिलों में कहीं–कहीं बहुत हल्की वर्षा और गरज–चमक के साथ आकाशीय बिजली की संभावना है। इन जिलों के लगभग 3 हजार 800 मीटर या उससे अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी भी हो सकती है, जबकि अन्य जिलों में मौसम सामान्यतः शुष्क रहने का अनुमान है।

14 मार्च को भी इन पर्वतीय जिलों में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा और ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी की संभावना जताई गई है। वहीं देहरादून, टिहरी और अल्मोड़ा जिलों में भी कहीं–कहीं हल्की वर्षा और गरज–चमक हो सकती है।

मौसम विभाग के अनुसार 15 और 16 मार्च को मौसम की गतिविधियां और बढ़ सकती हैं। पर्वतीय क्षेत्रों में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा, गरज–चमक और आकाशीय बिजली के साथ 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है।

मौसम विभाग का कहना है कि अगले चार से पांच दिनों में अधिकतम तापमान में लगभग तीन से पांच डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आ सकती है।

## ऋण योजना भाुभारंभ

नैनीताल जिले के लिए वर्ष 2026–27 की संभाव्यता आधारित ऋण योजना का शुभारंभ काठगोदाम स्थित सर्किट हाउस में जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने किया। यह योजना राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक द्वारा तैयार की गई है, जिसमें जिले के प्राथमिकता क्षेत्रों के लिए ऋण की संभावनाओं का आकलन किया गया है। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि कृषि, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम, आवास और सामाजिक अवसंरचना जैसे क्षेत्रों में पर्याप्त और समयबद्ध ऋण प्रवाह सुनिश्चित करने के लिए बैंकों और सरकारी विभागों के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक है।

..........